देहरादून, पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 235 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
विफलता के बाद




# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 26 अक्टूबर 2019




मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 14.0° | 39058.06 | 2 अमेरिका ने पाकिस्तान को दी चेतावनी | 7 टी20 सीरीज में स्मिथ-वॉर्नर की वापसी

# मुद्दों पर साथ देने को हैं तैयार

## बीजेपी और जेजेपी में सरकार बनाने पर डील हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरियाणा में अपने पहले पहले ही चुनाव में 10 सीटों और 15 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जेजेपी ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। तिहाड़ जेल में अपने पिता से मुलाकात के बाद दुष्यंत चौटाला ने मीडिया से बात की। बीजेपी-कांग्रेस को समर्थन देने पर उन्होंने खुले तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन संकेत दे दिए कि उनके दरवाजे सबके लिए खुले हैं।

खबर लिखे जाने तक हरियाणा में सरकार गठन को लेकर बीजेपी ऐक्टिव हो गई है। राज्य के सीएम मनोहर लाल खट्टर पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिल चुके हैं। इस बीच, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता

**स्थिर सरकार के लिए जेजेपी का सहयोग जरूरी**

गृह मंत्री अमित शाह के घर बैठक के लिए पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार बीजेपी को समर्थन देने के लिए जेजेपी हो गई है तैयार। बैठक में तय हुआ है कि जेजेपी को 2 कैबिनेट और एक राज्यमंत्री पद मिलेगा।

वहीं शुक्रवार सुबह से ही समर्थन पर सस्पेंस बना हुआ था। दुष्यंत ने बीजेपी के साथ या कांग्रेस के साथ सरकार बनाने के मुद्दे पर कहा, प्रदेश के अंदर कैसे आगे चला जाए, किस विषय को लेकर आगामी कदम उठाया जाए इस पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ चर्चा हुई। जननायक जनता पार्टी के अजेंडे को जो दल सपॉर्ट करेगा

**बीजेपी-कांग्रेस दोनों के लिए खुले हैं दरवाजे**

जेजेपी के युवा अध्यक्ष ने पहले चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के साथ ही संकेत दिए हैं कि वह व्यावहारिक राजनीति के लिए बने हैं। बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने के प्रश्न पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि मैंने कांग्रेस के साथ भी मिलकर चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने कहा, जो हमारे कॉमन मिनिमम अजेंडा प्रोग्राम को आगे बढ़ाएगा हम उसके साथ जाएंगे।

हम उसके साथ जाएंगे। दुष्यंत ने साफ तौर पर संकेत दे दिया है कि युवा वोटरों से मिले पुरजोर समर्थन का वह सम्मान करेंगे।

# कांग्रेस को अभी आस हुड्डा बोले- पिक्चर बाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरियाणा में निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाती दिख रही बीजेपी को रोकने के लिए कांग्रेस ने कोशिशें तेज कर दी हैं। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को कहा कि अभी खेल खत्म नहीं हुआ है और पिक्चर बाकी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी से संपर्क में बताई जा रही है। बता दें कि अभी 10 विधायकों वाली जेजेपी ने पत्ते नहीं खोले हैं। दुष्यंत तिहाड़ में बंद अपने पिता से विचार-विमर्श करने जाएंगे। इस बीच निर्दलीयों को साधने के बाद बीजेपी, जेजेपी को साधने में भी जुटी है, जिससे उसकी सरकार को मजबूती मिल सके। बता दें कि बीजेपी के 40 सीटों पर रुकने के बाद समीकरण कुछ ऐसा बैठा है कि सरकार गठन के दो रास्ते खुल गए हैं। किंगमेकर की भूमिका में दुष्यंत के साथ निर्दलीय विधायक भी आ गए हैं।

**तो जूतों से मारेगी जनताः** डी एस हुड्डा ने बातचीत में निर्दलीय विधायकों को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि जो निर्दलीय खट्टर सरकार का हिस्सा बनना चाहते हैं वे अपनी राजनीतिक कब्र खुद खोद रहे हैं। वे लोगों का भरोसा तोड़ रहे हैं। हरियाणा की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। जनता उन्हें जूतों से मारेगी। हुड्डा ने यह भी कहा कि वह भी निर्दलीय विधायकों के संपर्क में हैं।

### इंतजार

**सभी मांगों पर सहमत**

हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने दुष्यंत के न्यूनतम साझा कार्यक्रम की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि उन्हें सीएमपी से कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दुष्यंत के काम करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि अगर दुष्यंत उनके साथ आते हैं तो सरकार में उन्हें पूरा सम्मान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सत्यपाल मलिक बने गोवा के गर्वनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को गोवा का गर्वनर नियुक्त किया गया है। गिरीश चंद्र मुर्मू को जम्मू-कश्मीर का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राधा कृष्णा माथुर को लद्दाख का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। सरकार ने इसके अलावा पीएस श्रीधरन पिल्लई को मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया है। केंद्र ने एक विज्ञप्ति जारी कर नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाने के तीन महीने बाद केंद्र ने राज्य में उपराज्यपाल की नियुक्ति की है।

### पंचायत सदस्यों के लिए सात लाख और गोवा का ट्रिप फ्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रुद्रप्रयाग। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम आने के बाद से जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गायब हो गये हैं। क्षेत्र में चर्चाएं चल रही हैं कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख पदों के दावेदारों ने सदस्यों को खरीदने का खेल शुरू कर दिया है और सदस्यों को गायब कर पिकनिक को भेज दिया है। इनके साथ दावेदारों के कुछ लोग शामिल हैं, जो उनकी खातिरदारी में लगे हुए हैं। सदस्यों को कई प्रकार के लुभावने ऑफर दिये जा रहे हैं, जिससे वे वोट के दिन उन्हें विजयी बनाएं।

### बीमार नवाज शरीफ को मिली हाई कोर्ट से जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को मेडिकल ग्राउंड पर पाकिस्तान की अदालत से जमानत मिल गई है। नवाज का इस समय इलाज चल रहा है। वह एक्यूट इम्यून डिसऑडर से पीड़ित हैं और उनकी हालत काफी नाजुक है। प्लेटलेटकाउंट में तेजी से गिरावट के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के 69 वर्षीय नेता को सोमवार रात नैशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ऑफिस से अस्पताल ले जाया गया था।

# पीओके पर आतंकियों का कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

## कश्मीर में शांति और विकास का अल्टिमेट मिशन होगा पूराः आर्मी चीफ

श्रीनगर। आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर को अशांत रखने की पाकिस्तान की मंशा कभी पूरी नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आतंकवादी और उनके आका जितना भी हाथ पैर मार लें, लेकिन भारत जम्मू कश्मीर में संपूर्ण अमन चैन लाकर उसके विकास के अपने अंतिम लक्ष्य में जरूर सफल होगा। उन्होंने कहा कि पीओके को अपने कब्जे में कर चुके आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास देखना नहीं चाहते हैं, इसलिए आर्टिकल 370 हटने के बाद से बौखलाए हुए हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि पीओके पाकिस्तान के पाले आतंकियों के नियंत्रण में चला गया है।

**जम्मू-कश्मीर में पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान भीः** उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान जम्मू कश्मीर का हिस्सा है जिस पर पश्चिमी पड़ोसियों ने अवैध कब्जा जमा रखा है। आर्मी चीफ ने एक कार्यक्रम में कहा, जब हम जम्मू-कश्मीर की बात करते हैं तो जम्मू-कश्मीर के पूरे राज्य में पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान शामिल है।

पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान एक अधिकृत क्षेत्र बन गया है- ऐसा इलाका जिस पर हमारे पश्चिमी पड़ोसियों ने अवैध कब्जा जमा रखा है।



**पाकिस्तान रच रहा है साजिश**

सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश में जुटे हैं। कभी इन आतंकियों ने बाहरी राज्यों से आए सेब व्यापारियों की हत्या कर दी तो कभी दुकानदारों को दुकानें खोलने से रोका और धमकी दी। उन्होंने कहा, इन आतंकियों ने बच्चों को स्कूल जाने से भी रोकने की कोशिश की। दरअसल, यह सब पाकिस्तान की ओर से गढ़ा गया।

**पैसे मिले चार गुना, विकास दोगुना भी नहीं:** जनरल रावत ने कहा कि आर्टिकल 370 के कारण देश के अन्य राज्यों के मुकाबले चार गुना मिल रही सहायता राशि के बावजूद जम्मू-कश्मीर का अपेक्षित विकास नहीं हो सका।

उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर को चार गुना धन मिला, लेकिन बीमारू कहे जाने वाले राज्यों के मुकाबले उसका दोगुना विकास भी नहीं हो सका।

**370 हटने से सुधार में मिलेगी मददः** थल सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए हमारे सैनिक दिन-रात काम करते रहते हैं।

आर्मी प्रमुख ने कहा कि हमें यकीन है कि आर्टिकल 370 को हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों की तरह सुधार में मदद मिलेगी।

## कांडा से समर्थन लेने के विरोध में उमा भारती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा में सरकार बनाने के लिए सिरसा से जीते हरियाणा लोकहित पार्टी (एचएलपी) के नेता गोपाल गोयल कांडा से समर्थन लेने को लेकर बीजेपी के अंदर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद कांडा ने अपनी रगों में आरएसएस का खून होने की बात कहते हुए खट्टर सरकार को खुला समर्थन दिया है। बीजेपी की मुखर नेता उमा भारती ने इस पर पार्टी को सतर्क किया है। उन्होंने कई ट्वीट करते हुए कहा कि कांड से समर्थन लेना बीजेपी के नैतिक मूल्यों के खिलाफ रहेगा। उन्होंने कांडा के लिए सख्त शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा कि वह सिर्फ चुनाव जीतने भर से बेगुनाह नहीं हो जाते। बता दें कि टोहाना से चुनाव हारने वाले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कांडा का समर्थन किया है, जबकि खट्टर इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। बीजेपी ने 40 सीटों पर जीत हासिल की है, जो बहुमत के आंकड़े से 6 कम है। ऐसे में उसकी नजरें कांडा समेत निर्दलीय विधायकों पर टिकी हैं। गीतिका कांडा की एयरलाइन कंपनी में काम करती थीं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# बापू के हत्यारे को सम्मान क्यों ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। वीडी सावरकर को भारत रत्न देने की मांग और उससे पैदा हुए विवाद के बीच महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने कहा है कि अदालत ने महात्मा गांधी की हत्या के मामले में सावरकर को निर्दोष नहीं ठहराया था। उन्हें केवल इसलिए छोड़ा गया क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं थे। एक

**कोर्ट ने सावरकर को निर्दोष नहीं ठहराया थाः तुषार गांधी**

कार्यक्रम में बोलते हुए तुषार गांधी ने कहा, सावरकर को भले ही केस में बरी कर दिया गया हो लेकिन कोर्ट ने उन्हें निर्दोष नहीं ठहराया था। अदालत ने केवल यही कहा था कि हमारे सामने जो सबूत पेश किए वे उनका (सावरकर का) दोष साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। आज जब संघ सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रहा है हमें यह बात ध्यान में रखनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, ऐसे समय में जब बापू की हत्या के संरक्षक को भारत रत्न देने पर विचार हो रहा है, मैं समझता हूं यह महत्वपूर्ण है कि हम बापू की हत्या के पीछे छिपे मुख्य मकसद और साजिश को समझें।